# Daily Current Affairs

Date : 14 July, 2025

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका



| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | 7 वीं इंडियन ओपन इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में राजस्थान का प्रदर्शन |
| 2. | मिस राजस्थान 2025 |
| 3. | राज्य स्तरीय युवा संकल्प अभियान |
| 4. | राज्यसभा के लिए चार सदस्यों का मनोनयन |
| 5. | पहली क्षेत्रीय प्रक्रिया प्रयोगशाला (RPL) की शुरुआत |
| 6. | कम्युनिटी-लीड सॉल्ट रिडक्शन पहल |
| 7. | भूतापीय ऊर्जा नीति 2025 : उत्तराखंड |
| 8. | आयुष में AI (आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस) पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट |
| 9. | विंबलडन ट्रॉफी 2025 |
| 10. | फीफा क्लब विश्व कप 2025 |
| 11. | श्री निवास राव |






UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

## 7 वीं इंडियन ओपन इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में राजस्थान का प्रदर्शन

➲ **चर्चा में क्यों?**

■ **11 से 12 जुलाई, 2025 तक कांटीरवा स्टेडियम, बेंगलुरु में 7 वीं इंडियन ओपन इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया गया।**




➲ **मुख्य बिंदु :**

**राजस्थान का प्रदर्शन :**

■ **स्वर्ण पदक विजेता : सुंदर सिंह गुर्जर, महेंद्र सिंह गुर्जर, खुशबू गिल, प्रवीण और डॉ. जगबीर सिंह।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **रजत पदक विजेता :** संदीप चौधरी, सुनील साहू, सुमन व प्रियंका।
- **कांस्य पदक विजेता :** अर्जुन जांगिड़, बंटी जांगिड़, विक्रम मीणा, डॉ. जगबीर सिंह, जनक सिंह हरषाना, ठाकुर राम,सुनेत्रा, जीवनी व दुर्गा गहलोत।
- **डॉ. जगबीर सिंह :** भरतपुर निवासी, व्हीलचेयर रेस में भाग लेते हुए एक स्वर्ण पदक के अतिरिक्त दो कांस्य पदक जीते।
- **महेंद्र गुर्जर :** दूदू निवासी (जयपुर), अपने ही वर्ल्ड रिकॉर्ड को दो बार तोड़ा तथा पैरा जेवलिन में राजस्थान से वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले वाले महेन्द्र, देवेन्द्र झाझड़िया और सुंदर गुर्जर के बाद तीसरे एथलीट बन गए हैं।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 :**

- **आयोजन :** 27 सितंबर से 5 अक्टूबर, 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।
- यह विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का 12वां संस्करण और भारत में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा पैरा खेल आयोजन होगा।
- इसमें 186 पदक स्पर्धाएं (101 पुरुष, 84 महिला और एक मिश्रित) शामिल होंगी, जो कोबे में चैंपियनशिप के पिछले संस्करण की तुलना में 15 अधिक हैं।
- एशिया ने चार बार विश्व चैंपियनशिप मेजबानी की। (कतर में, दोहा 2015, संयुक्त अरब अमीरात में, दुबई 2019 और जापान में कोबे 2024)



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मिस राजस्थान 2025

## चर्चा में क्यों?

- **13 जुलाई, 2025 को बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित 'मिस राजस्थान 2025' के ग्रैंड फिनाले में ट्विंकल पुरोहित 'मिस राजस्थान 2025' टाइटल विजेता रहीं।**




## मुख्य बिंदु :

- **यह राजस्थान के ब्यूटी कॉन्टेस्ट 'मिस राजस्थान' का 27वाँ ग्रैंड फिनाले हैं।**
- **5 हजार प्रतिभागियों में से टॉप 28 मॉडल्स ने मंच पर फिनाले की रैम्प वॉक की।**
- **मीनाक्षी छापोला फर्स्ट रनरअप, रिशिता काशीवा सेकेंड रनरअप, तृषा चौधरी थर्ड रनरअप, दिशा भट्ट फोर्थ रनरअप, अदिति ब्रह्मभट्ट फिफ्थ रनरअप और खुशी प्रधनानी सिक्स्थ रनरअप बनीं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राज्य स्तरीय युवा संकल्प अभियान

➲ **चर्चा में क्यों?**

- 12 जुलाई, 2025 को केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री द्वारा बीकानेर जिले में जनसंपर्क अधिकारियों के संगठन 'प्रसार' और निर्विकल्प फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले 'राज्य स्तरीय युवा संपर्क अभियान' के पोस्टर का विमोचन किया।




➲ **मुख्य बिंदु :**

- प्रसार द्वारा निर्विकल्प फाउंडेशन के सहयोग से पहले चरण में प्रदेश के 11 जिलों में युवा संकल्प कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें रोजगार, उद्योग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, RSLDC सहित विभिन्न विभागों की भागीदारी रहेगी।
- इसमें युवाओं को केद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से सम्बंधित जानकारी प्रदान की जाएगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु

### राजस्थान राज्य युवा बोर्ड :

- राजस्थान युवा बोर्ड, राजस्थान संस्था रजिस्ट्रीकरण 1958 के अन्तर्गत एक पंजीकृत संस्था है, जो कि प्रदेश में युवा मामले एवं खेल विभाग के नियंत्रण में राज्य में युवाओं के विकास की सर्वोच्च संस्था है ।
- **गठन :** 25 जनवरी, 2003 को प्रशासनिक सुधार विभाग के आदेश पर गठन किया गया।
- **संरचना :** राज्य सरकार द्वारा मनोनीत अध्यक्ष, अधिकतम 12 गैर सरकारी सदस्यों व 8 पदेन सदस्य।
- **कार्यकाल :** 3 वर्ष अथवा मनोनयन वापिस लेने तक।
- **राजस्थान राज्य युवा बोर्ड का मुख्य ध्येय :** युवाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक, रोजगार, विज्ञान व तकनीकी में दक्षता, कार्यकुशलता व्यक्तिव विकास करना।

### जिला युवा बोर्ड :

- **गठन :** 29 जुलाई, 2004 को राज्य सरकार के प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जिलों में जिला स्तर पर युवा बोर्ड के गठन का आदेश जारी किया गया।
- **संरचना :** जिला युवा बोर्ड के अध्यक्ष जिला कलक्टर होते है तथा इसमें अधिकतम 4 गैर सरकारी सदस्य व 6 पदेन सदस्य होते हैं।


Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


## राष्ट्रीय परिदृश्य

### राज्यसभा के लिए चार सदस्यों का मनोनयन

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, भारत के राष्ट्रपति ने राज्यसभा में चार विशिष्ट व्यक्तियों का मनोनयन किया हैं।**











उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **संविधान के अनुच्छेद 80 के अनुसार , राज्यसभा के लिए प्रत्येक राज्य के प्रतिनिधियों का चुनाव उनकी विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से किया जाता है, जिनमें से 12 को राष्ट्रपति द्वारा नामित किया जाता है**
- **हाल ही में,मनोनीत सदस्य हैं: उज्ज्वल निकम, सी. सदानंदन मास्टर, हर्षवर्धन श्रृंगला और डॉ. मीनाक्षी जैन हैं।**

**राज्यसभा:**

- **राज्यसभा भारतीय संसद का उच्च तथा स्थायी सदन हैं।**
- **राज्यसभा में 250 सदस्य होते हैं, जिनमें से 12 को राष्ट्रपति द्वारा नामित किया जाता है (कला, साहित्य, विज्ञान, समाज सेवा क्षेत्रों से)।**
- **शेष सदस्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अप्रत्यक्ष चुनाव द्वारा चुने जाते हैं।**
- **चुनाव राज्य विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य करते हैं, एकल संक्रमणीय मत (STV) और आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के माध्यम से।**
- **राज्यसभा की सीटें राज्यों की जनसंख्या के अनुसार आवंटित होती हैं (जैसे उत्तर प्रदेश – 31 सीटें, गोवा – 1 सीट और 10 सीटे राजस्थान से)।**
- **चुनाव की आवश्यकता तभी होती है जब उम्मीदवारों की संख्या रिक्तियों से अधिक हो।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पहली क्षेत्रीय प्रक्रिया प्रयोगशाला (RPL) की शुरुआत

## चर्चा में क्यों?

- **हाल ही में, जनजातीय कार्य मंत्रालय ने आदि कर्मयोगी कार्यक्रम के तहत पहली क्षेत्रीय प्रक्रिया प्रयोगशाला (Regional Process Lab - RPL) की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य स्थानीय शासन को सशक्त बनाना हैं।**



## मुख्य बिंदु :

- **इसी कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (NESTS) ने तलाश (TALASH – Tribal Aptitude, Life Skills and Self-Esteem Hub) कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य जनजातीय विद्यार्थियों के समग्र विकास को समर्थन देना है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### आदि कर्मयोगी:

- आदि कर्मयोगी मिशन का उद्देश्य 20 लाख जनजातीय स्तर के कार्यकर्ताओं और ग्राम स्तरीय परिवर्तन अभिकर्ताओं का कुशल नेटवर्क तैयार करना है, जो समावेशी विकास और सेवाओं की अंतिम छोर तक डिलीवरी सुनिश्चित करें।
- यह प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (PM JANMAN) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) के साथ मिलकर काम करता है, और अभिसरण, भागीदारी व क्षमता वृद्धि को बढ़ावा देता है।
- **उद्देश्य:**
  - **स्थानीय नेतृत्व का विकास:** राज्य मास्टर प्रशिक्षकों (SMT), ज़िला मास्टर प्रशिक्षकों (DMT) और ब्लॉक प्रशिक्षकों का निर्माण।
  - **सेवा डिलीवरी सुधार:** दूरस्थ क्षेत्रों में योजनाओं का बेहतर कार्यान्वयन।
  - **समुदाय आधारित शासन:** जनजातीय समुदायों को गरिमा और भागीदारी के साथ सशक्त बनाना।
- **क्रियान्वयन:**
  - कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में SMT का प्रशिक्षण बेंगलुरु के RPL में हो रहा है। ये SMT राज्य स्तर पर SPL चलाकर DMT को प्रशिक्षित करेंगे। सिविल सोसाइटी की भागीदारी से स्थानीय जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **विशेषता:** यह मिशन स्थानीय योजना, शिकायत निवारण और साझा क्रियान्वयन के माध्यम से शासन प्रणाली को मजबूत करता है और विभिन्न मंत्रालयों को एक साथ जोड़ता है।

## तलाश (TALASH):

- **तलाश,** राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (NESTS) ने संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNICEF) तथा भारत की साझेदारी में शुरू किया गया एक कार्यक्रम है।
- जिसका उद्देश्य एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRS) में पढ़ने वाले 1.38 लाख छात्रों के आत्म-विकास, कॅरियर मार्गदर्शन और जीवन कौशल को सशक्त बनाना है। यह NEP 2020 के अनुरूप है।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
    - **मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन:** NCERT के 'तमन्ना' मॉडल पर आधारित अभिरुचि परीक्षण और व्यक्तिगत कॅरियर कार्ड प्रदान किया जाएगा।
    - **कॅरियर परामर्श:** रुचियों और क्षमताओं के अनुरूप मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।
    - **जीवन कौशल व आत्म-सम्मान:** इंटरेक्टिव पाठों से आत्मविश्वास व I.Q. का विकास किया जाएगा।
    - **शिक्षकों के लिए ई-लर्निंग:** डिजिटल टूल्स से सशक्त शिक्षक, प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।
    - **क्रियान्वयन:** अब तक 75 EMRS के 189 शिक्षक प्रशिक्षित हो चुके हैं। 2025 के अंत तक यह सभी EMRS में लागू होगा।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# कम्युनिटी-लीड सॉल्ट रिडक्शन पहल

## ➲ चर्चा में क्यों?



- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की तय सीमा से अधिक नमक उपयोग के कारण भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद - नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी (ICMR-NIE) ने "कम्युनिटी-लीड सॉल्ट रिडक्शन" नाम से एक विशेष पहल की शुरुआत की है।

## ➲ मुख्य बिंदु :


- यह पहल पंजाब और तेलंगाना में शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य नमक की खपत को कम करना है।
- WHO के अनुसार, प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 5 ग्राम से कम नमक खाना चाहिए। लेकिन भारत में औसतन शहरी क्षेत्रों में 9.2 ग्राम और ग्रामीण क्षेत्रों में 5.6 ग्राम प्रतिदिन नमक का सेवन हो रहा है।
- नमक का अधिक सेवन हाई ब्लड प्रेशर, स्ट्रोक, हार्ट अटैक और किडनी रोगों का बड़ा कारण बन रहा है। इस समस्या को गंभीर मानते हुए ICMR-NIE ने एक तीन वर्ष का प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसमें हेल्थ वेलनेस सेंटर्स (HWCs) पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से सलाह और मार्गदर्शन दिया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भूतापीय ऊर्जा नीति 2025 : उत्तराखंड

## ➲ चर्चा में क्यों?

■ हाल ही में, उत्तराखंड राज्य सरकार द्वारा भूतापीय ऊर्जा नीति 2025 को मंजूरी प्रदान की गई।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **उद्देश्य :** आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टि से व्यवहार्य भूतापीय संसाधनों का पता लगाने एवं विकास करने के लिए वैज्ञानिक व तकनीकी अनुसंधान को बढ़ावा देना।

**भू-तापीय ऊर्जा (Geothermal Energy) :**

- यह पृथ्वी की सतह के नीचे से प्राप्त ऊष्मीय (गर्मी) ऊर्जा होती है।
- **उत्पन्न :** यह ऊर्जा आंशिक रूप से पृथ्वी के निर्माण के दौरान उत्पन्न हुई अवशिष्ट (residual) ऊष्मा से और आंशिक रूप से ही पृथ्वी के कोर और मेंटल के भीतर प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले समस्थानिकों के निरंतर एवं स्वाभाविक रेडियोधर्मी विघटन/क्षय से उत्पन्न होती है।
- **भारत में संभावनाएं :** जियोथर्मल एटलस ऑफ इंडिया, 2022 के अनुसार, भारत में लगभग 10,600 मेगावाट भू-तापीय ऊर्जा की संभावना है।
  - पुगा और चुमाथांग (लद्दाख) भारत के सबसे संभावनाशील भू-तापीय क्षेत्र हैं।

**भारत सरकार की पहलें :**

- **टास्क फोर्स का गठन :** भारत में भू-तापीय ऊर्जा के दोहन हेतु।
- **जियोथर्मल एटलस ऑफ इंडिया, 2022 :** भारत में भू-तापीय ऊर्जा की संभावनाओं का मानचित्रण ।
- **अंतर्राष्ट्रीय सहयोग :** आइसलैंड, सऊदी अरब और RETAP (रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलॉजी एक्शन प्लेटफॉर्म) के माध्यम से संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- **नवीकरणीय ऊर्जा अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी विकास कार्यक्रम (RE-RTD)**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## आयुष में AI (आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस) पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट

### चर्चा में क्यों?

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा जारी पहली तकनीकी रिपोर्ट "पारंपरिक चिकित्सा में AI के अनुप्रयोग का मानचित्रण" के तहत भारत द्वारा पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के प्रयासों को वैश्विक मानक के रूप में मान्यता प्रदान की।




### मुख्य बिंदु :

- यह रिपोर्ट भारत के प्रस्ताव पर तैयार की गई, जिसमें आयुष (आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी) में तकनीक के प्रभावी उपयोग को विस्तार से समझाया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत किस प्रकार AI, मशीन लर्निंग और डीप न्यूरल नेटवर्क जैसी उन्नत तकनीकों के माध्यम से पारंपरिक निदान विधियों जैसे- नाड़ी परीक्षण, प्रकृति मूल्यांकन और जीभ परीक्षण को और अधिक वैज्ञानिक और व्यक्तिगत बना रहा है।
- SAHI पोर्टल, NAMASTE पोर्टल और आयुष रिसर्च पोर्टल जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म द्वारा भारतीय नागरिकों को व्यक्तिगत, साक्ष्य-आधारित और वैश्विक रूप से सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रहीं हैं।
- वर्ष 2018 में शुरू आयुष ग्रिड प्लेटफॉर्म इन सभी पहलों की नींव है।
- WHO रिपोर्ट में भारत की प्रमुख पहल "आयुर्जेनोमिक्स" पर भी प्रकाश डाला गया है। यह परियोजना आयुर्वेद और जीनोमिक्स का संगम है, जिसमें AI की सहायता से रोगों के जीन आधारित संकेतों की पहचान की जाती है और व्यक्ति विशेष के स्वास्थ्य के लिए अनुकूल सलाह दी जाती है।
- पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी (TKDL) को भी WHO ने वैश्विक मॉडल करार दिया है, जो भारतीय चिकित्सा ग्रंथों और ज्ञान को AI टूल्स की मदद से संरक्षित, विश्लेषण और डिजिटाइज कर रहा है।
- रिपोर्ट के अनुसार भारत में आयुष क्षेत्र का बाजार आकार 43.4 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल परिदृश्य

## विंबलडन ट्रॉफी 2025

### चर्चा में क्यों?

- 30 जून से 13 जुलाई, 2025 तक लंदन के ऑल इंग्लैंड क्लब में आयोजित विंबलडन ओपन 2025 की ट्रॉफी पुरुष वर्ग में जैनिक सिनर तथा महिला वर्ग में इगा स्वियाटेक ने जीती।



### मुख्य बिंदु :

| विजेता | | उपविजेता | |
|---|---|---|---|
| पुरुष एकल | महिला एकल | पुरुष एकल | महिला एकल |
| जैनिक सिनर (इटली) | इगा स्वियाटेक (पोलैंड) | कार्लोस अल्काराज़ (स्पेन) | अमांडा अनिसिमोवा (अमेरिका) |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## जैनिक सिनर :

- विंबलडन प्रतियोगिता के 148 वर्ष के इतिहास में सिनर यह खिताब जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।
- सिनर का यह चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है, और उन्हें केवल फ्रेंच ओपन पर कब्जा करना है।
- सिनर ने इस जीत के साथ ही PIF ATP रैंकिंग में 3 हजार 430 अंक की बढ़त हासिल कर ली है।

**सिनर के ग्रैंड स्लैम खिताब : 4**

- **ऑस्ट्रेलियन ओपन :** 2024, 2025
- **यूएस ओपन :** 2024
- **विंबलडन :** 2025

**इगा स्वियाटेक :**

- महिला सिंगल्स में स्वियाटेक का यह पहला विम्बलडन खिताब हैं।
- यह इनका छठा ग्रैंड स्लैम हैं।
- **वेरोनिका कुदेरमेटोवा (रूस) और एलिस मेर्टेंस (बेल्जियम) :** वेरोनिका कुदेरमेटोवा और एलिस मेर्टेंस की जोड़ी ने विंबलडन महिला डबल्स के फाइनल में हसीह सु-वेई और येलेना ओस्टापेंको को हराकर विंबलडन महिला डबल्स का खिताब जीता।
  - इस खिताबी जीत के साथ वेरोनिका कुदेरमेटोवा पहली बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन बन गईं।
  - एलिस मेर्टेंस के करियर की यह पांचवीं ग्रैंड स्लैम डबल्स ट्रॉफी है और विंबलडन में उनका यह दूसरा खिताब है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

### ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट :

- **ऑस्ट्रेलियन ओपन :**
  - जनवरी में आयोजित, हार्ड कोर्ट पर खेला जाता है।
  - मेलबर्न में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट वर्ष का पहला ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट है ।
- **फ्रेंच ओपन :**
  - मई-जून में आयोजित, पेरिस के रोलाण्ड गैरोस स्टेडियम में आयोजित यह विश्व का सबसे प्रतिष्ठित क्ले-कोर्ट आयोजन है।
- **विंबलडन ओपन :**
  - जून-जुलाई में आयोजित, सबसे पुराना ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट, विंबलडन, लंदन, इंग्लैंड में घास के कोर्ट पर खेला जाता है ।
- **US ओपन :**
  - अगस्त-सितंबर में आयोजित, कैलेंडर वर्ष का अंतिम ग्रैंड स्लैम जो हार्ड कोर्ट पर खेला जाता है।

### फ्रेंच ओपन 2025 :

| वर्ग | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| पुरुष एकल | कार्लोस अल्काराज़ (स्पेन) | जैनिक सिनर (इटली) |
| महिला एकल | कोको गौफ़ (अमेरिका) | आर्यना सबालेंका (बेलारूस) |


उत्कर्ष ® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# फीफा क्लब विश्व कप 2025

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **14 जून से 13 जुलाई, 2025 तक फीफा क्लब विश्व कप 2025 की नई प्राइम क्लब प्रतियोगिता के पहलें संस्करण का आयोजन संयुक्त राज्य अमेरिका के 12 स्थानों पर सम्पन्न हुआ।**



## ➲ मुख्य बिंदु :

- **संस्करण : 21 वां।**
- **उद्घाटन मैच : मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम ।**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **फाइनल मैच :** 13 जुलाई, 2025 को न्यूयॉर्क न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में आयोजित किया गया।
- **विजेता :** चेल्सी FC (कोल पामर के प्रदर्शन के बाद विजेता बनी)।
- **उपविजेता :** पेरिस सेंट जर्मेन।
- चेल्सी क्लब की यह दूसरी ट्रॉफी हैं।

**पुरस्कार राशि :**

- फीफा क्लब विश्व कप 2025 का कुल पुरस्कार पूल 1 बिलियन डॉलर का था।
- **विजेता टीम :** 118 मिलियन डॉलर।
- **उपविजेता टीम :** 105 मिलियन डॉलर।

**व्यक्तिगत पुरस्कार विजेता**

- कोल पामर ने एडिडास गोल्डन बॉल (सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) पुरस्कार जीता।
- रॉबर्ट सांचेज़ को गोल्डन ग्लव (सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर) पुरस्कार मिला।
- मोइसेस कैसेडो ने मिडफील्ड प्रदर्शन के लिए कांस्य पदक जीता।
- PSG के डिजायर डूए को फीफा का सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी चुना गया।
- गोंजालो गार्सिया (रियल मैड्रिड) शीर्ष गोल स्कोरर थे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## व्यक्तित्व

## श्री निवास राव

### चर्चा में क्यों?

- 13 जुलाई, 2025 को तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री के अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव का 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।



### मुख्य बिंदु :

- वर्ष 1999 से 2004 तक विजयवाड़ा से भाजपा विधायक रहें।
- वर्ष 1978 में राव की पहली फिल्म 'प्राणम खरीदु' थी।
- इन्हें वर्ष 2015 में राव को पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR